# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वशासी आरएंडडी संस्थान**

**भारत सरकार, पश्चिम बड़ागांव , गड़चुक , गुवाहाटी-781035**

**आईएएसएसटी में सलाहकार के रूप में अधिवक्ता के पैनल सूचीबद्ध करने हेतु 'एक्सप्रेशन ऑफ़ इंटरेस्ट' (रूचि की अभिव्यक्ति) आमंत्रित करने संबंधी सूचना**

**विज्ञापन संख्या 603** **दिनांक: 18/09/2026**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी), भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत एक स्वशासी बहु-विषयक अनुसंधान संस्थान है। संस्थान द्वारा आईएएसएसटी के विभिन्न विधिक मामलों के निस्तारण हेतु अधिवक्ताओं को पैनल में शामिल किए जाने की योजना है। पैनल में शामिल अधिवक्ताओं को देशभर के विभिन्न न्यायालयोंन्यायिक प-आयोगों तथा अन्य न्यायिक एवं अर्ध/अधिकरणों/ ्राधिकरणों के समक्ष आईएएसएसटी का प्रतिनिधित्व करने, सभी नीतियोंप्रक्रियाओं से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा एवं /नियमों/अधिनियमों/ विधिक जाँच करने, अनुबंधोंसमझौतों का प्रारूप तैयार करने/, आरटीआई आवेदनोंशिकायतों के उत्तर तैयार करने तथा / विधिक राय प्रदान करने आदि जैसे विभिन्न विधिक कार्य करने होंगे।

परामर्शदाता के रूप में अधिवक्ताओं को पैनल में शामिल किए जाने हेतु आवेदन सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित किए जाते हैं। लिफाफे के ऊपर **"Application for empanelment of Advocates as Consultant"** अंकित होना चाहिए। लिफाफे में संलग्नकों सहित आवेदन की पूर्ण हार्ड कॉपी होनी चाहिए, जिसे डाककूरियर द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से / आईएएसएसटी कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

**क.** आवेदन टाइप किया हुआ होना चाहिए तथा ए4 आकार के कागज पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। सभी पृष्ठों को क्रमांक के अनुसार व्यवस्थित कर सर्पिल रूप से तथा सुरक्षित ढंग से बाइंड किया जाना चाहिए।

**ख.** आवेदन के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर होने चाहिए। किसी भी प्रकार का अंतःलेखन, काट-छाँट अथवा ओवरराइटिंग तभी मान्य होगी जब उस पर संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर कर उसका प्रमाणीकरण किया गया हो।

**ग.** आवेदक का संपर्क विवरण नीचे दिए गए अनुसार उपलब्ध कराया जाना चाहिए (अनुलग्नक-क देखें)।

**पात्रता मानदंड**

**I.** ऐसे अधिवक्ता/विधि फर्म, जिन्हें भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालयों/ जिला न्यायालयों/ आयोगों/ अधिकरणों के समक्ष सरकारी विभाग/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के मुकदमेबाजी/विधिक मामलों में न्यूनतम **10 वर्ष का अनुभव** हो। उन अधिवक्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी जो वर्तमान में एक या अधिक केंद्रीय/राज्य सरकार के संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के पैनल अधिवक्ता के रूप में माननीय सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालय/जिला न्यायालय/आयोग/अधिकरण में कार्य कर रहे हैं।

**वांछनीय:** 15 वर्ष का अनुभव।

**II.** अधिवक्ता/विधि फर्म के पास संबंधित मामलों से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था/अवसंरचना होनी चाहिए तथा वे वर्तमान में गुवाहाटी उच्च न्यायालय अथवा गुवाहाटी के क्षेत्राधिकार वाले किसी अधीनस्थ न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे हों। अधिवक्ता का गुवाहाटी क्षेत्राधिकार के किसी बार एसोसिएशन का सदस्य होना अनिवार्य है।

**III.** अधिवक्ता/विधि फर्म किसी भी मामले में किसी भी फोरम/न्यायालय/अधिकरण आदि के समक्ष आईएएसएसटी के विरुद्ध उपस्थित नहीं होंगे/नहीं हो रहे होंगे।

**IV.** पैनल में शामिल किए जाने के इच्छुक अधिवक्ता/विधि फर्म **अनुलग्नक-क** में दिए गए प्रारूप में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**नियम और शर्तें:**

**I.** अधिवक्ता/कानूनी फर्मों को भुगतान कानूनी मामलों के विभाग, कानून और न्याय मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश संख्या 26(1)/2014/ न्यायालय दिनांक 01/10/2015 के तहत अनुमोदित दरों तथा समय-समय पर संशोधित दरों के अनुसार किया जाएगा।

**II.** किसी पैनल अधिवक्ता को केवल इस आधार पर कि उन्हें पैनल में शामिल किया गया है, कोई रिटेनर शुल्क नहीं दिया जाएगा।

**III.** पैनल में शामिल किए जाने की अवधि **तीन वर्ष** होगी। अधिवक्ता के पैनल में शामिल किए जाने की अवधि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से नवीनीकृत की जा सकती है। तथापि, किसी भी समय किसी भी पक्ष द्वारा **एक महीने की सूचना** देकर पैनल में शामिल किए जाने को समाप्त किया जा सकता है।

**IV.** आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **21 दिन** है। यदि निर्धारित दिन अवकाश घोषित किया जाता है, तो आवेदन जमा करने के लिए अगला कार्य दिवस अंतिम तिथि माना जाएगा।

**V.** जाँच के दौरान यदि कोई आवेदन निर्धारित प्रारूप में नहीं पाया जाता है/अपठनीय है/अपूर्ण है/उसमें स्पष्ट जानकारी नहीं है अथवा संबंधित आवश्यकता को पूरा नहीं करता है, तो आईएएसएसटी के पूर्ण विवेकाधिकार पर उसे आगे की मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**VI.** आईएएसएसटी द्वारा शॉर्टलिस्ट किया जाना अथवा पैनल में शामिल किया जाना, शॉर्टलिस्ट किए गए अथवा पैनल में शामिल अधिवक्ता को किसी भी मामले/ विषय में कार्यरत अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किए जाने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है।

**VII.** आईएएसएसटी प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस संबंध में आईएएसएसटी का निर्णय अंतिम होगा। आवेदन प्रक्रिया से किसी भी प्रकार की संविदात्मक बाध्यता उत्पन्न नहीं होगी।

**VIII.** निर्धारित तिथि और समय के भीतर आवेदन प्राप्त न होने के लिए, डाक में देरी अथवा बीच में अवकाश होने सहित किसी भी कारण से, आईएएसएसटी उत्तरदायी नहीं होगा।

**IX.** आईएएसएसटी को आवेदन/पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय आवेदन में दी गई जानकारी की वैधता सत्यापित करने तथा ऐसी किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसकी सामग्री गलत, अशुद्ध या अनुपयुक्त प्रतीत होती है।

**X.** आईएएसएसटी द्वारा अपेक्षित आवेदन प्रस्तुत करने से संबंधित सभी व्यय आवेदकों द्वारा वहन किए जाएंगे। प्रक्रिया के संचालन अथवा परिणाम की परवाह किए बिना, आईएएसएसटी ऐसे किसी भी व्यय के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन **अनुलग्नक-क** में दिए गए प्रारूप के अनुसार निम्नलिखित पते पर संबोधित करते हुए प्रस्तुत कर सकते हैं: **"कुलसचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उन्नत अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी), पश्चिम बड़ागाँव, गड़चुक, गुवाहाटी-781035"** आवेदन **08/10/2026** तक भेजे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट **www.iasst.gov.in** देखें।

**कुलसचिव, आईएएसएसटी**

**अनुलग्नक -क**

**(कार्यालय के उपयोग के लिए ही)**

1. **आवेदन सं:**
2. **प्राप्ति की तिथि:**

3. **प्राप्तकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर:**

---

**आईएएसएसटी में परामर्शदाता के रूप में अधिवक्ता/विधि फर्म के पैनल में शामिल किए जाने हेतु आवेदन**

Affix a recent passport size color photograph

1. **विज्ञापन संख्या:**
2. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:**
3. **आवेदक का नाम (अधिवक्ता/विधि फर्म):**
4. **पिता/माता का नाम:**
5. **जन्म तिथि/ आरंभ तिथि (DD/MM/YYYY):**
6. **लिंग:**
7. **डाक का पता:**
8. **स्थायी पता:**
9. **राष्ट्रीयता:**
10. **ईमेल:** **टेलीफोन/मोबाइल:**
11. **यदि विवाहित हैं, तो विवाह की तिथि तथा विवाह के समय पति/पत्नी की आयु:**
12. **शैक्षणिक योग्यता (फर्म के मामले में फर्म के सभी साझेदारों की), दस्तावेजी प्रमाण सहित )एसएसएलसी से आगे के प्रमाण(पत्र एवं अंकतालिकाएँ-**

| परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय | विभाजन | कुल मार्क प्राप्त और प्रतिशत | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 10वीं | | | | | |
| 12वीं | | | | | |
| डिग्री | | | | | |
| एलएल.बी. या समकक्ष | | | | | |
| अन्य | | | | | |
| | | | | | |

13. **यदि कोई व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया हो, तो उसका विवरण:**
14. **पूर्व अनुभव:**

| क्रम संख्या | अवधि | संगठन का नाम | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

15. **स्थान और कोर्ट ऑफ प्रैक्टिस के साथ बार काउंसिल का रजिस्ट्रेशन नंबर और नाम:**
16. **विशेषज्ञता का क्षेत्र:**
17. **बार काउंसिल रजिस्ट्रेशन नंबर:**
18. **आज तक निपटाए गए मामलों की संख्या और मामलों की संख्या**

**क्लाइंट्स के पक्ष में गया :**

19. **आयकर रिटर्न (पिछले 3 वर्ष): संलग्न/ असंलग्न**
20. **क्या निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी होती हैं: हाँ/नहीं**
21. **क्या योग्यता/पात्रता के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण संलग्न है: हाँ/नहीं**
22. **कोई अन्य जानकारी जो आप देना चाहते हों:**
23. **संलग्नकों की सूची:**

**घोषणा**

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। मैं पैनल में नियुक्ति एवं स्थान निर्धारण से संबंधित नियमों एवं शर्तों से सहमत हूँ

अधिवक्ता/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान:

दिनांक: